# Awareness camp and Inkind distribution of items to the BOCW worker at Ghumarwin






संत शिरोमणी कबीर जी महाराज
हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड,
बिलासपुर , जिला बिलासपुर (हि.प्र.)
श्रमिकों एवं कामगारों के कल्याण के प्रति समर्पित


हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड,
बिलासपुर , जिला बिलासपुर (हि.प्र.)
श्रमिकों एवं कामगारों के कल्याण के प्रति समर्पित


संत शिरोमणी कबीर जी महाराज
बिलासपुर , जिला बिलासपुर (हि.प्र.)
श्रमिकों एवं कामगारों के कल्याण के प्रति समर्पित





# पात्र श्रमिकों को ईमानदारी से मिले योजनाओं का लाभ बोर्ड करे सुनिश्चित : राजेश धर्माणी

## गरीबों के लिए योजनाएं बनाने पर फ्रीबीज का आरोप लगाती है विपक्ष

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

बिलासपुर/सुमन डोगरा

भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग द्वारा घुमारवीं के अंबेडकर भवन में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्मानी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने 200 से अधिक पात्र लोगों को सोलर लैंप और इंडक्शन हीटर वितरण किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कामगार कल्याण बोर्ड को पात्र लोगों का केवाईसी या स्क्रीनिंग करने की आवश्यकता है ताकि केवल जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को ही प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि पिछली भाजपा सरकार ने विभाग के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ को रोक दिया था जिसके चलते लंबे समय से लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में श्रमिक परिवारों को उसका लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है मुख्यमंत्री ने सरकार बनने के तुरंत बाद ही कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों को मिलने वाली सभी योजनाओं को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया। जिसका लाभ आज प्रदेश के लगभग 4 लाख 50 हजार श्रमिकों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि गरीब कामगार लोगों के लिए पुरानी सभी बिलो और सुविधाओं का निपटारा जल्द किया जाएगा। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल सरकार जनहित में फैसला ले रही है। देखा गया है कि गरीबों के लिए योजनाएं बनाने पर भाजपा फ्रीबीज का आरोप लगाती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री सुख सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया जिसके तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का प्रावधान किया गया लेकिन भाजपा ने इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं लेकिन भाजपा केवल अमीरों को ही योजनाओं का लाभ देने की पक्षधर है।



कामगारों को उपकरण बांटते मंत्री राजेश धर्माणी, साथ में श्रम बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर।